This file has been cleaned of potential threats.

If you confirm that the file is coming from a trusted source, you can send the following SHA-256 hash value to your admin for the original file.

90ed293b3adaeaf06d42a7fa0cbe8afaaa0958336b5fac52acb6704a1fb4960e

To view the reconstructed contents, please SCROLL DOWN to next page.

प्लाज़्मा भौतिकी केन्द्र - प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
CENTRE OF PLASMA PHYSICS - INSTITUTE FOR PLASMA RESEARCH
सोनापुर-782 402, असम, भारत ,Sonapur-782 402, Assam, India

विज्ञापन संख्या 03/2020 (1)

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर), भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अन्वेषण और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर भाट गांव, गांधीनगर (गुजरात) में स्थित है एवं GIDC, सेक्टर -25, गांधीनगर में इसका एक परिसर है और गुवाहाटी में एक केंद्र भी है।

प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र-प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (CPP-IPR), प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान का एक केंद्र है। CPP-IPR, नजीराखत सोनापुर -782 402, कामरुप(M), असम में स्थित है।

सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित उम्मीदवार को प्लाज़्मा भौतिकी केंद्र-प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, सोनपुर, गुवाहाटी, असम के केंद्र में कार्य करना होगा। हालांकि, भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर उम्मीदवार की सेवाओं को संस्थान के अन्य केंद्रों/परिसरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

पदों के नाम: वैज्ञानिक अधिकारी-डी/वैज्ञानिक अधिकारी-ई **पदों की संख्या: 02 (सामान्य)**

CPP-IPR वैज्ञानिक अधिकारी-डी या वैज्ञानिक अधिकारी-ई का चयन करके रिक्त पद (02Nos) को भरने का अधिकार रखता है। प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है यानी वैज्ञानिक अधिकारी-डी और वैज्ञानिक अधिकारी-ई। उम्मीदवारों को वैज्ञानिक अधिकारी - डी / वैज्ञानिक अधिकारी-ई के लिए एकल आवेदन प्रस्तुत करना होगा और साक्षात्कार में उनकी आयु, योग्यता, अनुभव और प्रदर्शन के आधार पर उन्हें उपयुक्त पद की पेशकश की जाएगी।

1	**पद का नाम**	**वैज्ञानिक अधिकारी – डी**	**वैज्ञानिक अधिकारी –ई**
2	वेतन स्तर	पे मैट्रिक्स स्तर 11 (7 वें सीपीसी) शुरुआती वेतन 67700/-	पे मैट्रिक्स के लेवल 12 (7 वें सीपीसी) पर शुरुआती वेतन 78800/-
3	आयु सीमा	40 वर्ष (समय-समय पर केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य होगी)।	45 वर्ष (समय-समय पर केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य होगी)।
4	अनिवार्य योग्यता/अनुभव	a) भौतिकी में एमएससी(प्रथम श्रेणी) के साथ प्लाज्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विषय पर पीएच.डी. b) पीएचडी के दौरान प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेफरी पत्रिका में प्रकाशन।	a) भौतिकी में एमएससी(प्रथम श्रेणी) के साथ प्लाज्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विषय पर पीएच.डी. b) पीएचडी के दौरान प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रेफरी पत्रिका में प्रकाशन। c) पीएचडी अनुसंधान के बाद प्लाज्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कम से कम चार साल का अनुभव।
5	वांछनीय योग्यता (अनुसंधान अनुभव)	पीएचडी में निम्नलिखित में से कोई एक या अधिक कार्य सम्मिलित होना चाहिए: (A) (i) प्लाज्मा आधारित प्रयोगात्मक प्रणालियों का संचालन जैसे कि फिलामेंटरी डिस्चार्ज ii) ग्लो डिस्चार्ज iii) RF डिस्चार्ज प्लाज्मा	पीएचडी में निम्नलिखित में से कोई एक या अधिक कार्य सम्मिलित होना चाहिए: (A) (i) प्लाज्मा आधारित प्रयोगात्मक प्रणालियों का संचालन जैसे कि फिलामेंटरी डिस्चार्ज ii) ग्लो डिस्चार्ज iii) RF डिस्चार्ज प्लाज्मा

		iv) थर्मल प्लाज्मा उच्च ऊर्जा स्पंदित शक्ति संचालित प्लाज़्मा, जिसमें उनके वैक्यूम/उच्च दबाव/मैकेनिकल सबसिस्टम शामिल हैं। एक या एक से अधिक डायग्नोस्टिक्स जैसे कि इलेक्ट्रिक प्रोब, चुंबकीय प्रोब, स्पेक्ट्रोस्कोपी, लेजर ऑप्टिक्स, इंटरफेरोमेट्री आदि के इस्तेमाल का व्यावहारिक अनुभव। (B) (i) प्लाज्मा सिद्धांत ii) प्लाज्मा मॉडलिंग और सिमुलेशन iii) कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा iv) फ्यूजन सिद्धांत या प्लाज्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी अन्य क्षेत्र में हाल ही में हुई प्रगति।	iv) थर्मल प्लाज्मा उच्च ऊर्जा स्पंदित शक्ति संचालित प्लाज़्मा, जिसमें उनके वैक्यूम/उच्च दबाव/मैकेनिकल सबसिस्टम शामिल हैं। एक या एक से अधिक डायग्नोस्टिक्स जैसे कि इलेक्ट्रिक प्रोब, चुंबकीय प्रोब, स्पेक्ट्रोस्कोपी, लेजर ऑप्टिक्स, इंटरफेरोमेट्री आदि के इस्तेमाल का व्यावहारिक अनुभव। (B) (i) प्लाज्मा सिद्धांत ii) प्लाज्मा मॉडलिंग और सिमुलेशन iii) कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा iv) फ्यूजन सिद्धांत या प्लाज्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी अन्य क्षेत्र में हाल ही में हुई प्रगति। (C) फ्यूजन साइंस एवं टेक्नोलॉजी से संबंधित क्षेत्रों जैसे प्लाज़्मा सर्फेस इंटरेक्शन/प्लाज़्मा मैटर इंटरेक्शन/ आवेशित कण बीम जनरेशन, एक्सेलेरेशन/ न्यूट्रोनिक्स/न्यूट्रॉन जेनरेशन आदि में कम से कम एक साल का पोस्ट-डॉक्टोरल शोध अनुभव, साथ ही विभिन्न प्लाज्मा डायग्नॉस्टिक्स में पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए।
6	अनिवार्य शोध प्रकाशन	पीएचडी अवधि के दौरान प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में कम से कम दो शोध पत्रों का प्रकाशन। (UGC मान्यता प्राप्त जर्नल्स)	i) पीएचडी अवधि के दौरान प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में कम से कम दो शोध पत्रों का प्रकाशन। (UGC मान्यता प्राप्त जर्नल्स) ii) पीएचडी अनुसंधान कार्य के पश्चात् प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में कम से कम दो प्रकाशन।
7	कार्य विवरण	चयनित उम्मीदवार फ्यूजन साइंस एवं टेक्नोलॉजी (प्रयोग/सिद्धांत) के क्षेत्र में या प्लाज़्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित किसी भी अन्य प्रगति के क्षेत्र में सीपीपी-आईपीआर में शोध कार्य में सहायता, संचालन और योजना करेंगे।	चयनित उम्मीदवार फ्यूजन साइंस एवं टेक्नोलॉजी (प्रयोग/सिद्धांत) के क्षेत्र में या प्लाज़्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित किसी भी अन्य प्रगति के क्षेत्र में सीपीपी-आईपीआर में शोध कार्य में सहायता, संचालन और योजना करेंगे।
8	अनुसंधान प्रस्ताव	उम्मीदवार को क्रम सं.5 में वर्णित किसी भी क्षेत्र पर एक छोटा शोध प्रस्ताव 1000 शब्दों में प्रस्तुत करने के साथ डिलेवरेबल्स और लाभ का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।	उम्मीदवार को क्रम सं.5 में वर्णित किसी भी क्षेत्र पर एक छोटा शोध प्रस्ताव 1000 शब्दों में प्रस्तुत करने के साथ डिलेवरेबल्स और लाभ का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

चयन प्रक्रिया:

विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक, योग्यता, अनुभव शैली आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार के लिए बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं।

1. निर्धारित अनिवार्य योग्यताएं न्यूनतम हैं और केवल इन योग्यताओं के कारण उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के पात्र नहीं होंगे।

अंत: उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अतिरिक्त अपनी सभी योग्यताओं और संबंधित क्षेत्रों में प्राप्त अनुभवों का उल्लेख करना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि पद के लिए अनुभव आवश्यक नहीं है लेकिन आवेदक को

अनुभव प्राप्त है तो उसे सलाह दी जाती है कि वह संबंधित क्षेत्र में अनुभव भरें। संवीक्षा/लघु सूचीबद्ध करने के लिए केवल उन्हीं शैक्षिक योग्यताओं और अनुभव आदि पर विचार किया जाएगा जिनका ऑनलाइन आवेदन में स्पष्ट रूप से दावा किया गया है।

2. आवेदनों की संख्या अधिक होने पर, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उपयुक्त संख्या तक सीमित करने के लिए संस्थान निम्नलिखित अनुक्रम में निम्नलिखित विधियों द्वारा शॉर्टलिस्टिंग का मानदंड अपनाएगा:

   i) विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम की तुलना में संबंधित क्षेत्र में उच्च अनुभव के आधार पर।
   ii) अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने से पहले या बाद के अनुभव की गणना करना।
   iii) वांछनीय योग्यता या यदि एक से अधिक वांछित योग्यता निर्धारित की गई है तो किसी एक या सभी वांछनीय योग्यताओं के आधार पर।
   iv) विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यताओं से उच्चतर शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर।

आवेदन शुल्क : आवेदन के लिए शुल्क का विवरण नीचे दिया है:

क्रम. सं	**वर्ग**	**राशि** (₹)
1.	सामान्य/अ.पि.व	200/-
2.	अ.जा/अ.ज.जा/महिला/पीडब्ल्यूडी/अ.क.व/भूतपूर्व सैनिक/आंतरिक उम्मीदवार	Nil

भुगतान की विधि: केवल ऑनलाइन माध्यम से (एसबीआई कलेक्ट)

ऑनलाइन भुगतान की पद्धति: Steps for Online Payment:

1. Visit SBI Collect: **https://www.onlinesbi.com/sbicollect/icollecthome.htm**
2. Proceed →State of corporate / Institution: Gujarat
3. Type of Corporate / Institution: Others
4. Others Name: Institute for plasma Research
5. Select Payment Category: Application Fees-CPP-IPR
6. Make payment.
7. Print/Download receipt to fill details of payment in the Online Application.

सामान्य सूचना

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया जा सकता है। विकलांग व्यक्तियों को भी अनारक्षित कोटे के लिए उनकी योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है।

2. ऑनलाइन भर्ती आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवार विस्तृत विज्ञापन ध्यान से पढ़ लें। यदि आप संतुष्ट है कि आप विस्तृत विज्ञापन में पद के लिए निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताएं प्राप्त हैं तभी आप ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए आगे बढ़ें। अन्यथा प्रस्तुत किया गया आवेदन सरसरी तौर पर ही रद्द कर दिया जाएगा ।

3. हर तरह से सभी उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारत करने की तारीख जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए ऑनलाइन भर्ती आवेदन प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तारीख होगी ।

4. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन भर्ती आवेदन में अपने सभी विवरण ध्यानपूर्वक भरें, क्योंकि गलत सूचना प्रस्तुत करने पर कम्प्यूटर आधारित लघु सूची बद्ध करने के दौरान आवेदन रद्द किया जा सकता है। भर्ती के किसी भी स्तर पर अपेक्षित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाले आवेदन को संस्थान अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विशेष पद के लिए केवल एक ही ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करें; तथापि, यदि वह एक पद के लिए एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करता/करती है तो उसे यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर "आवेदन सं." वाला ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र शुल्क, जहां भी लागू हो, सहित सभी प्रकार से परिपूर्ण है। जो आवेदक एक से अधिक ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र जमा करते हैं उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि संस्थान द्वारा केवल उच्चतर "आवेदन सं." वाले ऑनलाइन भर्ती आवेदन पत्र को ही स्वीकार किया जाएगा और एक "आवेदन सं." के लिए दिए गए आवेदन शुल्क को किसी अन्य "आवेदन सं." के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा।

6. एक बार भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आ.क.व/अ.पि.व - गैर क्रीमी लेयर/पीडब्ल्यूडी वर्ग के तहत छूट चाहने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसे प्रस्तुत नहीं करने पर उन्हें "अनारक्षित (UR)" उम्मीदवारों के समान माना जाएगा।

8. सभी शैक्षणिक योग्यताएं केवल मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों से प्राप्त होनी चाहिए। किसी अन्य देशों से शैक्षणिक योग्यता प्राप्त वाले आवेदकों को यूजीसी/एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता के मामले में, संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

10. आयु के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित प्रमाण पत्र/दस्तावेज स्वीकार्य हैं (कोई एक):
    i) जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज जन्म तिथि।
    ii) माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र (SSLC)।
    iii) मैट्रिक/माध्यमिक स्कूल प्रमाण पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख है।

11. संस्थान(IPR / CPP) के आंतरिक उम्मीदवार (स्थायी कर्मचारी) ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट के पात्र होंगे। किसी भी अन्य वर्ग (SC / ST / OBC / EWS) के तहत आयु में छूट पाने वाले उम्मीदवार आंतरिक उम्मीदवार के रूप में आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

12. सरकारी/अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदनों को उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित करना होगा या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र लाना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार किया जाएगा। कोई अंतरिम पत्राचार नहीं किया जाएगा।

13. साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गये उम्मीदवारों को टिकट या यात्रा का प्रमाण जैसे रेलवे/बस टिकट या टिकट नंबर प्रस्तुत करने पर प्रत्यक्ष और सबसे कम दूरी से आने और जाने का तृतीय श्रेणी AC का रेल/राज्य बस परिवहन के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

14. वेतन और भत्ते के अलावा, उपरोक्त पद के लिए आवास किराया भत्ता, अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा योजना और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी। अतिरिक्त सुविधाएँ जैसे कार्यनिष्पादन संबंधी प्रोत्साहन योजना (PRIS) नई पेंशन योजना, एलटीसी, स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए बाल शिक्षा भत्ता और परिवहन भत्ता के बदले नि: शुल्क परिवहन संस्थान के नियमों के अनुसार स्वीकार्य हैं।

15. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तिथि के बाद ही अनुभव गिना जाएगा।

16. चूंकि संस्थान द्वारा केवल ई-मेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा इसलिए उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन में अपना **सही और सक्रिय ई-मेल पता** भरने की सलाह दी जाती है। उम्मीदवारों को भर्ती की नियमित अपडेट सूचना के लिए संस्थान की वेबसाइट को देखने भी सलाह दी जाती है।

17. परिशिष्ट/विलोपन/शुद्धिपत्र(यदि कोई हो) संस्थान की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा, http://www.cppipr.res.in/adv.html

18. इस विज्ञापन से होनेवाला कोई भी विवाद केवल गुवाहाटी में स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों के एकमात्र अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

19. CPP-IPR, उपरोक्त पद के लिए किसी भी उम्मीदवार का चयन नहीं करने या कोई भी कारण बताए बिना किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

20. जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया, उनके रिकॉर्ड को चयनित सूची के प्रकाशन की तारीख से 1 वर्ष बाद संरक्षित नहीं किया जाएगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

<u>आवेदन कैसे करें</u>

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे संस्थान की वेबसाइट http://www.cppipr.res.in/adv.html पर दिनांक 20/03/2020 तक शाम 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करें

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ भेजना आवश्यक है:

1. विधिवत रूप से भरे गए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी के साथ हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपका हुआ हो।
2. सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ:
   i) आयु का प्रमाण
   ii) शैक्षिक मार्क शीट, डिग्री
   iii) अनुभव प्रमाण पत्र
   iv) निर्धारित प्रारूप में जाति/समुदाय/वर्ग का प्रमाण पत्र
   v) भुगतान रसीद की प्रतिलिपि (यदि लागू हो)
   vi) कोई अन्य संबंधित प्रमाणपत्र आदि।

उपरोक्त दस्तावेज नीचे दिए गए पते पर दिनांक 31/03/2020 को शाम 05.00 बजे तक या उससे पहले पहुंच जाने चाहिए। विलंब होने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और संस्थान किसी देरी या निर्धारित अवधि में हार्डकॉपी की प्राप्ति न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रशासनिक अधिकारी- I
भर्ती अनुभाग
प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
भट, गांधीनगर- 382428 (भारत)

लिफाफे पर स्पष्ट रूप से **विज्ञापन संख्या 03/2020 और ''वैज्ञानिक अधिकारी-डी/वैज्ञानिक अधिकारी-ई '' के लिए आवेदन** लिखा होना चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृपया संपर्क करें- recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता है एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।